**माननीय कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक–03–03–2024 को राजभवन, पटना में राज्यान्तर्गत विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।**

माननीय कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में राज्यान्तर्गत विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक में राज्य के शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण आदि पर विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। उक्त बैठक में सम्मिलित महानुभावों की सूची (अनुलग्नक–1)।

बैठक के एजेंडा के अनुरूप सभी विश्वविद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्रों के एकैडमिक कैलेण्डर एवं लंबित परीक्षा तथा स्नातक सत्र 2024–28 में नामांकन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त के क्रम में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा बारी–बारी से अपनी बात रखी गई :–

उक्त बैठक में निम्नांकित एजेंडा पर विस्तृत रूप से विचार किया गया यथा

1. **परीक्षा कैलेंडर, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के लंबित परीक्षाओं / वर्तमान के परीक्षाओं का आयोजन।**

I. कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

II. कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं।

III. कुलपति, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं। नामांकन 25 मार्च, 2024 से शुरू, 01 जुलाई, 2024 से परीक्षा होगा। प्रथम सेमेस्टर पूरा हो गया है, जनवरी, 2025 में परिणाम प्रकाशित होगा। शिक्षक की कमी के कारण समस्या है ।

IV. कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2021–24 का पार्ट–।। का परिणाम मई, 2024 में प्रकाशित होगा। स्नातकोत्तर सत्र 2021–23 का परीक्षा परिणाम दिसम्बर तक पूरा हो जायेगा।

V. कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं। शिक्षक की कमी के कारण समस्या है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन हेतु विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन की मांग की जा रही है। कुलाधिपति महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि जहां भी इस प्रकार की समस्या आये, उसकी जानकारी दी जाय। इस संबंध में निर्वाचन पदाधिकारी को बुलायें। स्नातकोत्तर के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम 15 मार्च, 2024 तक प्रकाशित किया जायेगा। $2^{nd}$ सेमेस्टर का नामांकन हो गया है जून तक परीक्षा का रिजल्ट आ जायेगा।

VI. कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र समय से चल रहे हैं। दिसम्बर, 2024 तक सभी स्नातकोत्तर का सभी सत्र समयानुसार हो जायेगा।

VII. कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र समय से चल रहे हैं। स्नातकोत्तर का प्रथम सेमेस्टर का परिणाम आ चुका है। द्वितीय सेमेस्टर 20 अप्रैल, 2024 से शुरू होगा, जून, 2024 तक परिणाम आ जायेगा। स्नातक सत्र 2024–28 के संबंध में बताया गया कि इस पर विचार करने की आवश्यक्ता है कि विश्वविद्यालयवार नामांकन ले अथवा केन्द्रीयकृत रुप में लें । तो माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा कहा गया कि विचार कर लिजिए।

VIII. कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2021–24 मई, 2024 तक नियमित करने का आश्वासन दिया गया। स्नातकोत्तर सत्र 2022–24 नियमित है। स्नात्तक द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम 9 जून, 2024 तक निलकना था जो 15 जुलाई, 2024 तक हो जायेगी।

IX. कुलपति, तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर द्वारा स्नातक सत्र 2023–27 का 1st सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम दे दिया गया है। 2nd सेमेस्टर का भी क्लास हो चुका है जिसका मई, 2024 को परीक्षा लिया जायेगा एवं जुलाई, 2024 को परिणाम आ जायेगा। जुलाई में तृतीय सेसन करने का निदेश दिया गया। स्नातकोत्तर में 03 परीक्षा लंबित है। 31 अक्टूबर, 2024 तक पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

X. कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को स्नातक सत्र 2020–23 के पार्ट–।।। विलंब है। परीक्षा अगस्त तक चलेगा एवं परिणाम सितम्बर तक आयेगा। सत्र 2021–24 नियमित है एवं सितम्बर, 2024 में पूर्ण हो जायेगा। फरवरी, 2025 तक सभी सत्र नियमित करने का आश्वासन दिया गया । स्नातकोत्तर में बहुत अच्छा नहीं है। सत्र 2020–22 का प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा 30 मार्च से प्रारम्भ होगा तथा उक्त सत्र को 20 जुलाई, 2024 तक पूर्ण होगा। सत्र 2021–23 का प्रथम सेमेस्टर पूर्ण है। द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा इसी महीन से शुरू होगा एवं अक्टुबर, 2024 तक उक्त सत्र समाप्त हो जायेगा ।

XI. कुलपति, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र पूरा हो चुका है। NAAC Team के भ्रमण होने के बाद ही नामाकन प्रारम्भ होगा । स्नातकोत्तर में नामांकन 2023 से बंद है।

XII. कुलपति, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र समय से चल रहे है। स्नातकोत्तर का परीक्षा चल रहा है। प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम जुलाई, 2024 में आ जायेगा। नामांकन जून, 2024 से शुरू होगा एवं कक्षा जुलाई, 2024 से शुरू हो जायेगा।

XIII. कुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा बताया गया कि बैकलॉग परीक्षायें वर्ष 2024 में पूरा हो जायेगा। स्नातकोत्तर का बैकलॉग सत्र 2021–23 का चल रहा है, सितम्बर, 2024 तक पूरा हो जायेगा।

**XIV.** कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा बताया गया कि एक वर्ष में कुल 66 परीक्षाओं को पूरा कर दिया है। स्नातक स्तर में 02 ही परीक्षा बाकी है जो अगले 05 तरीख को संपन्न हो जायेगा। स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे है।

**XV.** कुलपति, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि वोकेशनल कोर्स Affiliation पर रोक रहने के कारण विलंब है एक–दो दिनों में पूरा कर देने की बात कही गयी। सिफ्ट नहीं हुई है। उसे स्क्रुटनी कराकर इसी सत्र में पूरा करने का आश्वासन दिया गया। स्नातकोत्तर के प्रथम सेमेस्टर में 10 प्रतिशत परिणाम और बचे हैं, उसे मार्च, 2024 में पूरा करने का आश्वसान दिया गया।

**XVI.** कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर द्वारा बताया गया कि एकेडमिक कैलेंडर के अनुरूप ही चल रहा है। किसी प्रकार का सत्र लंबित नहीं है। सभी सत्र समय पर चल रहा है। स्नात्तक सत्र 2024–28 में नामांकन के संबंध में बताया गया कि विश्वविद्यालय में नामांकन CET से होता है जिसकी प्रक्रिया BCECE द्वारा किया जाता है।

**XVII.** कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र समय से चल रहे हैं। स्नात्तक सत्र 2024–28 में नामांकन के संबंध में बताया गया कि विश्वविद्यालय में नामांकन CET से होता है जिसकी प्रक्रिया BCECE द्वारा किया जाता है।

उक्त संबंध में माननीय कुलाधिपति महोदय ने निदेश दिया कि कुलपति के साथ–साथ विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी को भी अपने दायित्वों के प्रति गम्भिर होकर काम करें । साथ ही उन्होने यह भी कहा कि हमसब को मिलकर बिहार में उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने का प्रयत्न करेंगे।

अंत में राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक को समाप्त किया गया।

माननीय कुलाधिपति महोदय के आदेश से,

ह0/–

**(रॉबर्ट एल. चोंग्थू)**

राज्यपाल के प्रधान सचिव

ज्ञापांकः–बी.एस.यू.(मिटिंग)–12/2022(पार्ट)–661 /रा.स.(I), दिनांक– 07/05/2024

**प्रतिलिपिः–**

1. सभी कुलपति, बिहार के सभी विश्वविद्यालय को सूचना एवं बैठक में लिये गये निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित करने की दिशा में यथावश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
2. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना ।
3. सभी संबंधित पदाधिकारी एवं विश्वविद्यालय शाखा के सहायकगण को सूचना एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
4. आई.टी. मैनेजर को राजभवन के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
5. संधारक, गार्ड फाईल ।

7.5.2024

**राज्यपाल के प्रधान सचिव**

## अनुलग्नक– I

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | कुलपति<br>मगध विश्वविद्यालय, बोधगया |
| 2. | कुलपति<br>ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा |
| 3. | कुलपति<br>कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा |
| 4. | कुलपति<br>वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा |
| 5. | कुलपति<br>बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर |
| 6. | कुलपति<br>तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर |
| 7. | कुलपति<br>नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना |
| 8. | कुलपति (अतिरिक्त प्रभार)<br>पटना विश्वविद्यालय, पटना |
| 9. | कुलपति<br>जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा |
| 10. | कुलपति<br>मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना |
| 11. | कुलपति<br>मुँगेर विश्वविद्यालय, मुँगेर |
| 12. | कुलपति<br>पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना |
| 13. | कुलपति<br>पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ |
| 14. | कुलपति<br>भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा |
| 15. | कुलपति<br>बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर |

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 16. | कुलपति<br>**आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना** |
| 17. | कुलसचिव<br>**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना** |